**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 400**
**दिनांक 03 दिसंबर, 2025 / 12 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए**

**एनडीआरएफ के तहत कर्नाटक को सहायता**

**400 श्री ईरण्ण कडाडी:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) विगत तीन वर्षों में सूखा और बाढ़ राहत के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से कर्नाटक को जारी की गई कुल केन्द्रीय सहायता कितनी है;**

**(ख) कर्नाटक से सूखे एवं बाढ़ राहत, विशेषकर बेलगावी जिले, के लिए लंबित प्रस्तावों की स्थिति क्या है;**

**(ग) पिछले दो वर्षों में 'पुलिस बलों के आधुनिकीकरण' (एमपीएफ) योजना के अंतर्गत कर्नाटक को कितनी धनराशि आवंटित की गई है;**

**(घ) बेलगावी जिले में पुलिस अवसंरचना का उन्नयन करने के लिए क्या विशिष्ट सहायता दी गई है; और**

**(ङ) कर्नाटक में नई एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) या सीमा चौकियों की स्थापना की स्थिति क्या है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) एवं (ख): राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति के अनुसार, आपदा प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की है। राज्य सरकार के प्रयासों को सहायता प्रदान करने के लिए, स्थापित प्रक्रिया के अनुसार राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) की मौजूदा योजना से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राज्य के एसडीआरएफ में आवंटन सूखा, बाढ़ सहित सभी अधिसूचित आपदाओं के लिए किया जाता है, और यह संबंधित राज्य सरकार का काम है कि वह जमीनी स्थिति की भयावहता के अनुसार, संबंधित जिला प्रशासनिक मशीनरी के अपने स्थापित चैनल के माध्यम से

**राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 400, दिनांक 03/12/2025**

प्राकृतिक आपदा की स्थिति में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित मदों और मानदंडों के अनुसार पहले से मौजूद राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से प्रभावित लोगों को आवश्यक वित्तीय राहत प्रदान करती हैं ।

पिछले तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य सरकार को एसडीआरएफ/ एनडीआरएफ से निधियों का वर्षवार आवंटन और जारी की गई धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

(रुपये करोड़ में)

| वर्ष | एसडीआरएफ के तहत वार्षिक आवंटन | एसडीआरएफ से जारी केंद्र का हिस्सा | एनडीआरएफ से जारी |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 885.60 | 664.00 | 939.83 – बाढ़ के लिए |
| 2023-24 | 929.60 | 697.60 | 0.00 |
| 2024-25 | 976.00 | 732.00 | 3,454.22 – सूखे के लिए |

(ग) से (ङ) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का कोबरा (CoBRA) स्कूल ऑफ जंगल वारफेयर एंड टैक्टिक्स सेंटर (सीएसजेडब्ल्यूटी) और भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 44वीं बटालियन बेलगावी जिले में स्थित हैं। केन्द्र सरकार ने समय-समय पर इन दोनों प्रतिष्ठानों के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए धनराशि स्वीकृत की है।

पुलिस आधुनिकीकरण के लिए राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता (एएसयूएमपी) योजना, के अंतर्गत बेलगावी जिले के नाम पर कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है। हालाँकि, कर्नाटक के लिए स्वीकृत मदों का उपयोग, राज्य द्वारा तय किए अनुसार बेलगावी सहित किसी भी जिले के लिए किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में एएसयूएमपी योजना के अंतर्गत कर्नाटक राज्य को वर्ष-वार के दौरान आवंटित और जारी की गई धनराशि निम्नानुसार है:

(रुपये करोड़ में)

| वर्ष | वार्षिक आवंटन | जारी हिस्सा |
|---|---|---|
| 2023-24 | 10.18 | 7.63 |
| 2024-25 | 21.24 | 15.93 |

*****